के. एन. व्यास
K. N. Vyas

भारत सरकार
Government of India

अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग
व
सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग
Chairman, Atomic Energy Commission
&
Secretary, Department of Atomic Energy

संदेश

प्रिय साथियो,

हिंदी दिवस (14 सितंबर, 2020) के शुभ अवसर पर मैं, परमाणु ऊर्जा विभाग की विभिन्न इकाइयों, उपक्रमों और सहायता प्राप्त संस्थानों में कार्यरत अपने सभी साथियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ।

भारत एक बहुभाषी देश है और यहाँ कई भाषा और बोलियां बोली जाती हैं। ये सभी भाषाएं अपने–अपने क्षेत्र की बहुत ही समृद्ध और सशक्त भाषा हैं। प्रत्येक भाषा की अपनी एक अलग सांस्कृतिक और साहित्यिक पहचान है। हिंदी अपने अलग-अलग स्वरूपों में, सदियों से एक संपर्क भाषा के रूप में सभी भाषा-संस्कृतियों को जोड़ने का कार्य कर रही है। हमारे संविधान की भी यही मंशा है कि राजभाषा हिंदी का विकास इस प्रकार से किया जाए कि वह भारत की सामासिक सांस्कृति की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके।

परमाणु ऊर्जा विभाग एक वैज्ञानिक एवं तकनीकी विभाग है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास के माध्यम से आम आदमी के जीवन को बेहतर बनाने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। साथ ही, संघ की राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के प्रति भी हम पूर्ण समर्पित हैं। यह संतोष का विषय है कि हमारे विभाग में राजभाषा हिंदी का प्रयोग प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्यों में भी सहजता से किया जा रहा है। गृह-पत्रिकाओं, स्मारिकाओं और अन्य प्रकाशनों के माध्यम से वैज्ञानिक एवं तकनीकी साहित्य का सृजन भी हिंदी में किया जा रहा है।

मुझे विश्वास है कि विभाग की सभी संघटक इकाइयों की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अध्यक्षता वहाँ के प्रधान द्वारा की जा रही है। राजभाषा नियम के अनुसार प्रत्येक कार्यालय के प्रधान का उत्तरदायित्व है कि वह अपने कार्यालय में राजभाषा नीति का कार्यान्वयन सुनिश्चित करे।

राजभाषा नीति प्रेरणा और प्रोत्साहन की नीति है अत: मैं परमाणु ऊर्जा विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील करता हूँ कि वे स्वयं भी अपना काम हिंदी में करें और अन्य साथियों को भी इसके लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करें।

मुंबई
14 सितंबर, 2020.

कमलेश व्यास.
(के.एन. व्यास)

अणुशक्तिभवन, छत्रपति शिवाजी महाराज मार्ग, मुंबई - 400 001, भारत • Anushakti Bhavan, Chhatrapati Shivaji Maharaj Marg, Mumbai - 400 001, India
दूरभाष/Phone:+(91) (22) 2202 2543 • फैक्स/Fax: +(91) (22) 2204 8476 / 2284 3888
ई-मेल/E-mail: chairman@dae.gov.in